समृद्ध कार्यक्रम (SAMRIDH Programme)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/samridh-programme

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उत्पाद नवाचार, विकास व वृद्धि के लिये एम.ई.आई.टी.वाई. के स्टार्ट-अप एक्सीलेरेटर (समृद्ध) कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। **इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश में स्टार्ट-अप पारितंत्र को बढ़ावा देना है।**
- इस कार्यक्रम से भारतीय सॉफ्टवेयर उत्पाद स्टार्टअप्स को अपने उत्पादों तथा व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिये सुरक्षित निवेश हेतु एक अनुकूल मंच तैयार करने में मदद मिलेगी। **इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत स्टार्ट-अप हब (MSH) द्वारा किया जा रहा है।**
- **अगले तीन वर्षों में समृद्ध कार्यक्रम के तहत ग्राहक, निवेशक संपर्क के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय पहुँच प्रदान करके 300 स्टार्ट-अप्स को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।** साथ ही, स्टार्ट-अप्स के वर्तमान मूल्यांकन व वृद्धि के आधार पर चयनित एक्सीलेरेटरों के माध्यम से स्टार्ट-अप में 40 लाख रुपये तक का निवेश किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय स्टार्टअप्स के विकास को आगे बढ़ाना है, जिसमें 63 यूनिकॉर्न (1 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य वाले स्टार्टअप) का उदय हुआ है। भारत वर्तमान में 168 बिलियन अमेरिकी डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न हब बन गया है।

X